# कार्यशाला में क्लाउड कंप्यूटिंग के महत्त्व के बारे में विद्यार्थियों को करवाया अवगत



कार्यशाला में प्रतिभागिता करने वाले विद्यार्थी और विशेषज्ञ।

**महेंद्रगढ़** | हकेंवि, महेंद्रगढ़ के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा गुरुवार को दो दिवसीय कार्यशाला की शुरुआत की गई। कार्यशाला का आयोजन मैपिंग स्किल एवं ई-कॉमर्स कंपनी के सहयोग से किया गया। कार्यशाला में रचना शर्मा विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इस तरह की कार्यशाला से न केवल विद्यार्थियों का कौशल विकास होता है, बल्कि रोजगार प्राप्ति में भी सहायता मिलती है।

कार्यशाला के समन्वयक एवं ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल उपनिदेशक डॉ. सूरज आर्य ने बताया कि विश्वविद्यालय के सभी विभागों के विद्यार्थियों के लिए आयोजित इस कार्यशाला में रचना शर्मा विशेषज्ञ हैं। कार्यशाला के पहले दिन विशेषज्ञ रचना शर्मा ने क्लाउड कंप्यूटिंग के महत्त्व से प्रतिभागियों को अवगत कराते हुए बताया कि किस प्रकार यह रोजगार की संभावनाएं प्रदान करने में सहायक है।

# हकेवि में संकाय संवर्धन कार्यक्रम का हुआ समापन

**महेंद्रगढ़,** महेश गुप्ता (पंजाब केसरी): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में अखिल भारतीय शिक्षा परिषद् (एआईसीटीई) प्रशिक्षण और शिक्षण (एटीएएल) अकादमी संकाय संवर्धन कार्यक्रम (एफडीपी) का समापन हो गया। माइक्रोग्रिड विद इलेक्ट्रिकल व्हिकल्स: इंटेलिजेंट एंड एलाइड एरियाज पर आधारित छह दिवसीय इस आयोजन के समापन सत्र में आईआईटी कानपुर व अटल बिहारी वाजपेयी-भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी और प्रबंधन संस्थान (एबीवी-आईआईआईटीएम), ग्वालियर के निदेशक प्रो. एस.एन. सिंह मुख्य वक्ता व विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि छह दिवसीय यह संकाय संवर्धन कार्यक्रम प्रतिभागियों को क्षेत्र की नई अवधारणाओं, विधियों, तकनीकों, सिद्धांतों व अन्य प्रासंगिक मुद्दों को जानने-समझने में मददगार रहा होगा।

कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलगीत के साथ हुई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित प्रो. एस.एन. सिंह ने नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों की उपस्थिति में ग्रिड हार्मोनिक्स का अनुमान विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। उनकी विशेषज्ञता इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के एक महत्वपूर्ण पहलू पर प्रकाश डालती है, जो नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के संदर्भ में ग्रिड हार्मोनिक्स से संबंधित चुनौतियों और समाधानों में अंतर्दृष्टि प्रदान करती है। छह दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम में, आईआईटी रुड़की में प्रोफेसर एसपी सिंह, आईआईटी कानपुर से प्रोफेसर एसएन सिंह, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) कुरुक्षेत्र से प्रोफेसर सत हंस, एनटीपीसी स्कूल ऑफ बिजनेस से प्रोफेसर देबजीत पालित, गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय से प्रोफेसर एम.ए. अंसारी, दयालबाग शैक्षणिक संस्थान से डॉ. राजीव कुमार चौहान, आईआईटी जोधपुर से डॉ. निशांत, खालसा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंडटेक्नोलॉजी से प्रोफेसर जीएस ग्रेवाल, एनआईटी दिल्ली से डॉ. अनमोल सक्सेना, एमएनआईटी जयपुर से डॉ. मनमोहन गर्ग ने माइक्रो-ग्रिड, इलेक्ट्रिकवाहनों और उनके एकीकरण में नवीनतम विकास पर बात की। कार्यक्रम के संयोजक प्रो. अजय कुमार बंसल एवं डॉ. कल्पना चौहान थे। एफडीपी के सफल आयोजन में डॉ. मुरलीधर नायक और डॉ. पूनम ने भी योगदान दिया। अंत में, प्रो. अजय कुमार बंसल ने सभी विशेषज्ञों, उम्मीदवारों, विद्यार्थियों को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

# Faculty Development Program concluded at CUH



Nidhi Priya
info@impressivetimes.com

**MAHENDERGARH**: On the sixth and final day of the AICTE Training and Learning (ATAL) Academy Faculty Development Program (FDP), hosted by the Department of Electrical Engineering at the Central University of Haryana, Mahendragarh, the participants concluded their journey through a week of enriching experiences and knowledge-sharing. This program, titled "Microgrid with Electrical Vehicles: Intelligent and Allied Areas," has been in session from October 23 to 28, 2023. The day commenced with the highly anticipated Technical Session-10, featuring a keynote speaker and guest of honor, Prof. SN Singh. Prof. Singh, a distinguished Professor at IIT Kanpur and Director of the Atal Bihari Vajpayee-Indian Institute of Information Technology and Management (ABV-IIITM) in Gwalior, India, presented on the "Estimation of Grid Harmonics in the Presence of Renewable Energy Sources." His expertise shed light on a critical aspect of electrical engineering, offering insights into the challenges and solutions related to grid harmonics in the context of renewable energy sources. Following this enlightening session, participants engaged in reflective journaling, an opportunity for them to capture their thoughts, learnings, and takeaways from the entire FDP experience.

# हकेंवि में संकाय संवर्धन कार्यक्रम का समापन

संवाद न्यूज एजेंसी

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) में अखिल भारतीय शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) प्रशिक्षण और शिक्षण (एटीएएल) अकादमी संकाय संवर्धन कार्यक्रम (एफडीपी) का सोमवार को समापन किया गया।

माइक्रोग्रिड विद इलेक्ट्रिकल व्हिकल्स इंटेलिजेंट एंड एलाइड एरियाज पर आधारित छह दिवसीय आयोजन के समापन सत्र में आईआईटी कानपुर व अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी और प्रबंधन संस्थान ग्वालियर के निदेशक प्रो. एसएन सिंह मुख्य वक्ता व विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि छह दिवसीय यह संकाय संवर्धन कार्यक्रम प्रतिभागियों को क्षेत्र की नई अवधारणाओं, विधियों, तकनीकों, सिद्धांतों व अन्य प्रासंगिक मुद्दों को समझने में मददगार रहा होगा।

प्रो. एसएन सिंह ने नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों की उपस्थिति में ग्रिड हार्मोनिक्स का अनुमान विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। उनकी विशेषज्ञता इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के एक महत्वपूर्ण पहलू पर प्रकाश डालती है, जो नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के संदर्भ में ग्रिड हार्मोनिक्स से संबंधित चुनौतियों और समाधानों में अंतर्दृष्टि प्रदान करती है। कार्यक्रम के संयोजक प्रो. अजय कुमार बंसल एवं डॉ. कल्पना चौहान थे। एफडीपी के सफल आयोजन में डॉ. मुरलीधर नायक और डॉ. पूनम ने भी योगदान दिया।



हकेंवि में कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित विशेषज्ञ व विद्यार्थी। स्रोत : विवि

# केन्द्रीय विवि. में निवेश जागरूकता पर वेबिनार आयोजित

महेंद्रगढ़, 28 अक्तूबर (परमजीत, मोहन): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के वाणिज्य विभाग एवं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज अकादमी के संयुक्त तत्वाधान में निवेश जागरूकता विषय पर वेबिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रूज़ा सुतारिया विशेषज्ञ के रूप में उपस्थिति रहीं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इस प्रकार के आयोजनों को विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों के लिए बेहद उपयोगी बताया।

कार्यक्रम की शुरुआत में स्कूल ऑफ बिजनेस एंड मैनेजमेंट स्टडीज़ के अधिष्ठाता प्रो. रंजन अनेजा ने स्वागत उद्बोधन दिया। प्रो.अनेजा ने वाणिज्य विभाग के द्वारा आयोजित व्याख्यान की प्रासंगिकता पर विचार व्यक्त किए। विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष एवं व्याख्यान संयोजक डॉ. राजेंद्र प्रसाद मीणा ने बताया कि इस प्रकार के व्याख्यान से विद्यार्थी एवं शोधार्थियों को लाभ प्राप्त होगा।

कार्यक्रम में विशेषज्ञ सुश्री रूज़ा सुतारिया ने अपने विशेषज्ञ व्याख्यान में प्राचीन में किए जाने वाले निवेश की तुलना वर्तमान में किए जाने वाले निवेश से की और उसका महत्व बताएं। उन्होंने बताया कि कितने प्रतिशत निवेश करने से लाभ हो सकता है और एक बचत में बढ़ावा कैसे लाया जा सकता है। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. राजेंद्र प्रसाद मीणा और आयोजन समिति में प्रो. सुशीला कुमारी, डॉ. सुमन, डॉ. भूषण सिंह, डॉ. रविंद्र सम्मिलित रहे। डॉ. सुमन दहिया ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विभाग के शिक्षक एवं शोधार्थी संगीता, मोहित, अन्नू, प्रेरणा, भावना, काजल, मनीषा, सचिन, मोनिका, हेमलता सहित विभाग के एम.कॉम के विद्यार्थी प्योधी, गौरव, बलवान, निकिता, मुस्कान आदि उपस्थित रहे।

## हकेंवि में निवेश जागरूकता पर वेबिनार

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग एवं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज अकादमी के संयुक्त तत्वाधान में निवेश जागरूकता विषय पर वेबिनार का आयोजन किया। रूजा सुतारिया विशेषज्ञ और कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इस प्रकार के आयोजनों को विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों के लिए बेहद उपयोगी बताया।

# हकेंवि की प्रोफेसर को मिला डा. सरोजिनी नायडू इंटरनेशनल अवार्ड




अवार्ड ग्रहण करतीं प्रो. पायल चंदेल • सौ. हकेंवि प्रवक्ता

**संस, महेंद्रगढ़**: हकेंवि, महेंद्रगढ़ में मनोविज्ञान विभाग की प्रो. पायल कंवर चंदेल को समाज के उत्थान की दिशा किए गए उनके उल्लेखनीय प्रयासों के लिए सातवें डा. सरोजिनी नायडू इंटरनेशनल अवार्ड 2023 से सम्मानित किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इस उपलब्धि पर प्रो. पायल कंवर चंदेल का बधाई दी। बता दें कि डा. सरोजिनी नायडू इंटरनेशनल अवार्ड समाज की प्रगति में उल्लेखनीय योगदान देने वाली कार्यरत महिलाओं को प्रदान किया जाता है। प्रो. पायल कंवर चंदेल को यह सम्मान एशियन एकेडमी आफ आर्ट्स द्वारा बृहस्पतिवार को नोएडा में आयोजित ग्लोबल लिटरेसी फेस्टिवल में प्रदान किया गया। प्रो. चंदेल को यह पुरस्कार एशियन एकेडमी आफ फिल्म एंड टेलीविज़न के अध्यक्ष संदीप मारवाह द्वारा प्रदान किया गया। प्रो. पायल चंदेल ने कहा कि सम्मान एक प्रोत्साहन देता है। उन्होंने अपने धन्यवाद भाषण में कहा कि ऐसी कोई महिला नहीं जो काम न करती हो, इस पुरुष प्रधान समाज में, एक पुरुष के पास कार्य ना करने का विकल्प है।

# हकेंवि को मिली 5जी यूज केस लैब

## देश के 100 शिक्षण संस्थानों में शामिल हुआ विवि



भास्कर न्यूज | महेंद्रगढ़

हकेंवि, महेंद्रगढ़ को संचार मंत्रालय की ओर से 5जी यूज केस लैब मिली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में आयोजित इंडियन मोबाइल कांग्रेस 2023 के दौरान ऑनलाइन माध्यम से हकेंवि सहित देश के 100 शिक्षण संस्थानों में इन लैब का शुभारंभ किया।

विश्वविद्यालय द्वारा इस आयोजन में ऑनलाइन माध्यम से प्रतिभागिता की गई। जिसमें कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार, शोध अधिष्ठाता प्रो. नीलम सांगवान सहित एक हजार से अधिक सम्मिलित हुए। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने इस शुरूआत को भारत की सामाजिक, आर्थिक विकास हेतु शिक्षा, कृषि, स्वास्थ्य, ऊर्जा व परिवहन आदि के क्षेत्र में सूचना तकनीक के विकास व नवाचार को प्रोत्साहन देने की दिशा में महत्वपूर्ण बताया।

कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि यह बेहद हर्ष की बात है हकेंवि देश के उन 100 प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में सम्मिलित है, जिनमें यह लैब स्थापित की गई हैं। उन्होंने कहा कि न सिर्फ 5जी तकनीक के विकास बल्कि, यह प्रयास शैक्षणिक व स्टार्टअप के स्तर पर 6जी हितैषी वातावरण

# पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विद्यार्थियों ने चलाया मीडिया एवं सूचना साक्षरता अभियान

## यूनेस्को के आह्वान पर सप्ताह भर चलेगा कार्यक्रम



गांव जांट में मीडिया एवं सूचना साक्षरता अभियान के दौरान बच्चों को संबोधित करते डॉ. अशोक कुमार।

भास्कर न्यूज़ | महेंद्रगढ़

हकेंवि, महेंद्रगढ़ के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग ने यूनेस्को के आह्वान पर वैश्विक मीडिया और सूचना साक्षरता सप्ताह के अंतर्गत गुरुवार को गांव जांट में सूचना साक्षरता अभियान चलाया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य समाज को भ्रमित सूचनाओं से बचने के बारे में जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि यूनेस्को हर वर्ष 24 से 31 अक्तूबर के बीच वैश्विक मीडिया और सूचना साक्षरता सप्ताह का आयोजन करता है।

विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार के नेतृत्व में विभाग के सभी शिक्षकों ने बाला जी सीनियर सैकेंडरी स्कूल, जांट में विद्यार्थियों को मीडिया एवं सूचना साक्षरता के महत्त्व से अवगत कराया। इस मौके पर विभाग के सभी शिक्षक, स्कूल के सभी शिक्षक एवं विद्यार्थी मौजूद थे।

# छात्रा काजल व राधिका गणतंत्र दिवस परेड शिविर के लिए चयनित

**संस, महेंद्रगढ़**: हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ के बीवाक बायोमेडिकल की छात्रा काजल व भौतिकी एवं खगोल भौतिकी विभाग की छात्रा राधिका का चयन पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर 2023 के लिए हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने दोनों चयनित स्वयंसेवकों को बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि इस वर्ष गणतंत्र दिवस परेड विशेष रूप से महिलाओं को समर्पित है। सैन्य और अन्य क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने के एक बड़े प्रयास के बीच, गणतंत्र दिवस परेड 2024 में केवल छात्राएं ही हिस्सा लेंगी।



हकेंवि की छात्रा • सौ. प्रवक्ता



हकेंवि की छात्रा • सौ. प्रवक्ता

विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई के समन्वयक डा. प्रदीप कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय की एनएसएस स्वयंसेवक काजल एवं राधिका का चयन पूर्व गणतंत्र दिवस परेड कैंप के लिए हुआ हैं। इस 10 दिवसीय कैंप के दौरान उत्तर क्षेत्र से लगभग 200 स्वयंसेवक विभिन्न शरीरिक गतिविधियों और सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ-साथ विशेष रूप से परेड की तैयारी कारवाई जाएगी। डा. प्रदीप ने बताया की चयन होने वाले स्वयंसेवक को गणतंत्र दिवस समारोह में दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित परेड मे शामिल होने अवसर प्राप्त होगा।

# हकेवि में एआईसीटीई-अटल संकाय संवर्धन कार्यक्रम का हो रहा है आयोजन

महेन्द्रगढ़। चेतना संवाददाता।

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में अखिल भारतीय शिक्षा परिषद् (एआईसीटीई) प्रशिक्षण और शिक्षण (एटीएएल) अकादमी संकाय संवर्धन कार्यक्रम (एफडीपी) का आयोजन किया जा रहा है। आगामी 28 अक्टूबर तक चलने वाले इस आयोजन का थीम माइक्रोग्रिड विद इलेक्ट्रिकल व्हिकल्स: इंटेलिजेंट एंड एलाइड एरियाज



है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इस आयोजन को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह कार्यक्रम एआईसीटीई से मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थानों व उनसे जुड़े शोधार्थियों, विद्यार्थियों व संकाय सदस्यों के लिए बेहद उपयोगी है। आयोजन के शुभारंभ के अवसर पर विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव ने भी इस संकाय संवर्धन कार्यक्रम की क उपयोगिता पर प्रकाश डाला और कहा कि अवश्य ही इसके माध्यम से निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त होगा। कार्यक्रम के उद्घाटन पर मुख्य वक्ता के रूप में आईआईटी, रुड़की के प्रो. एस.पी. सिंह, गौतमबुद्ध यूनिवर्सिटी के प्रो. एम.ए. अंसारी और दयालबाग एजुकेशनल इंस्टीट्यूट के डॉ. राजीव कुमार चौहान उपस्थित रहे। इस आयोजन के अंतर्गत विशेषज्ञ के रूप में आईआईटी जोधुपर से डॉ. निशांत और एनटीपीसीई स्कूल ऑफ बिजनेस डॉ. देवजीत पलित, एनआईटी कुरूक्षेत्र के सतहंस उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी पीठ के अधिष्ठाता प्रो. फूल सिंह व कार्यक्रम के समन्वयक प्रो. अजय कुमार बंसल और डॉ. कल्पना चौहान सहित इस आयोजन में 50 से अधिक संकाय सदस्य, विद्यार्थी व शोधार्थी प्रतिभागिता कर रहे हैं।

# काजल व राधिका गणतंत्र दिवस परेड शिविर के लिए चयनित

संवाद न्यूज एजंसी

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) महेंद्रगढ़ के बीवॉक बायोमेडिकल की छात्रा काजल व भौतिकी व खगोल भौतिकी विभाग की छात्रा राधिका का चयन पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर 2023 हेतु हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने दोनों चयनित स्वयंसेवकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस वर्ष गणतंत्र दिवस परेड विशेष रूप से महिलाओं को समर्पित है। सैन्य और अन्य क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने के एक बड़े प्रयास के बीच गणतंत्र दिवस परेड 2024 में केवल छात्राएं ही हिस्सा लेंगी।

विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के समन्वयक डॉ. प्रदीप कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय की एनएसएस स्वयंसेवक काजल एवं राधिका का चयन



छात्रा काजल।



छात्रा राधिका।

पूर्व गणतंत्र दिवस परेड कैंप के लिए हुआ हैं। इस 10 दिवसीय कैंप के दौरान उतर क्षेत्र से लगभग 200 स्वयंसेवक विभिन्न शारीरिक गतिविधियों और सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ-साथ विशेष रूप से परेड की तैयारी कारवाई जाएगी। डॉ. प्रदीप ने बताया की इस कैंप में चयन होने वाले स्वयंसेवक को 26 जनवरी 2024 के गणतंत्र दिवस समारोह के लिए दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित परेड में शामिल होने अवसर प्राप्त होगा।

# संवर्धन कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए उपयोगी

## एआईसीटीई-अटल संकाय संवर्धन में 50 से अधिक विद्यार्थी रहे शामिल

संवाद न्यूज एजेंसी

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) महेंद्रगढ़ में अखिल भारतीय शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) प्रशिक्षण और शिक्षण (एटीएएल) अकादमी संकाय संवर्धन कार्यक्रम (एफडीपी) का आयोजन किया जा रहा है। 28 अक्तूबर तक चलने वाले इस आयोजन का थीम माइक्रोग्रिड विद इलेक्ट्रिकल व्हिकल्सः इंटेलिजेंट एंड एलाइड एरियाज है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि यह कार्यक्रम एआईसीटीई से मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थानों व उनसे जुड़े शोधार्थियों, विद्यार्थियों व संकाय सदस्यों के लिए बेहद उपयोगी है।

आयोजन के शुभारंभ पर विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव ने संकाय संवर्धन कार्यक्रम की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अवश्य ही इसके माध्यम से निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त होगा। कार्यक्रम के उद्घाटन पर मुख्य वक्ता के रूप में आईआईटी, रुड़की के प्रो. एसपी सिंह, गौतमबुद्ध यूनिवर्सिटी के प्रो. एमए अंसारी और दयालबाग एजुकेशनल इंस्टीट्यूट के डॉ. राजीव कुमार चौहान उपस्थित रहे। आयोजन के अंतर्गत विशेषज्ञ के रूप में आईआईटी जोधपुर से डॉ. निशांत, एनटीपीसीई स्कूल ऑफ बिजनेस डॉ. देवजीत पलित, एनआईटी कुरुक्षेत्र के सतहंस उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अधिष्ठाता प्रो. फूल सिंह व प्रो. अजय कुमार बंसल और डॉ. कल्पना चौहान सहित इस आयोजन में 50 से अधिक विद्यार्थी व शोधार्थी प्रतिभागिता कर रहे हैं।



कार्यक्रम में मंचासीन कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार, समकुलपति व अन्य। स्रोत : विवि

## दो छात्राओं का विश्वविद्यालय स्तर की टीम में चयन



**नारनौल।** इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाड़ी में हुई खो-खो प्रतियोगिता में राजकीय महिला महाविद्यालय की ओर से 12 छात्राओं की टीम में भाग लिया। जिसमें छात्रा हिमांशी एवं प्रिया का विश्वविद्यालय स्तर की टीम के लिए चयन किया गया। प्रतियोगिता में महिला कॉलेज की तनुजा, हिमांशी, निक्कू, प्रिया, महक, निक्की, खुशबू, मनीषा, किरण, प्रिया व रवीना ने भाग लिया। महाविद्यालय की टीम का मुकाबला यदुवंशी कॉलेज महेंद्रगढ़ की छात्राओं से हुआ। इसमें टीम का बेहतरीन प्रदर्शन रहा। इस उपलब्धि पर कॉलेज प्राचार्य ज्ञानचंद राणा ने टीम इंचार्ज प्रो. सुमन यादव एवं चयनित छात्राओं की सराहना की। संवाद

# हकेंवि में हाइपोविटामिनोसिस डी के प्रबंधन पर दो दिवसीय सेमिनार

महेंद्रगढ़, 21 अक्तूबर (हप्र)

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के पोषण जीवविज्ञान विभाग व रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेल द्वारा दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। हाइपोविटामिनोसिस डी के प्रबंधन के लिए बाजरा-आधारित कार्यात्मक खाद्य पदार्थों के हस्तक्षेप विषय पर आधारित यह कार्यक्रम एचएससीएसआईटी द्वारा वित्त पोषित परियोजना के अंतर्गत वैज्ञानिक सामाजिक जिम्मेदारी गतिविधि के तहत आयोजित किया गया। विश्व खाद्य दिवस और अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष-2023 के उपलक्ष्य में आयोजित इस दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने किया। विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव ने बाजरे को आहार में शामिल करने पर जोर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत में रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेल की निदेशक प्रो. नीलम सांगवान ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। आईसीएमआर, नयी दिल्ली की वैज्ञानिक डॉ. नीता कुमार व आईएआरआई, नयी दिल्ली की वैज्ञानिक डॉ. शालिनी गौड़ रूद्र ने अपने व्याख्यान के माध्यम से विटामिन डी की कमी के विभिन्न पहलुओं से प्रतिभागियों को अवगत कराया।

दैनिक ट्रिब्यून Sun, 22 October
https://epaper.

# हकेवि में दुर्लभ स्कूली पुस्तकों की दो दिवसीय प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के पंडित दीनदयाल उपाध्याय



केंद्रीय पुस्तकालय और शिक्षक शिक्षा विभाग द्वारा दो दिवसीय दुर्लभ स्कूली पुस्तकों की दो दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय, बैंगलोर के सहयोग से आयोजित इस प्रदर्शनी में तीन सौ से अधिक दुर्लभ स्कूली पुस्तकें प्रदर्शित की गईं। ये पुस्तके भारत और अन्य दक्षिण एशियाई देशों की औपनिवेशिक तथा उसके बाद के काल की थीं। पुस्तक प्रदर्शनी का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने किया। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि यह प्रदर्शनी हमें याद दिलाती है कि शिक्षा एक गतिशील और निरंतर विकसित होने वाली शक्ति है। अतीत ने हमारे शैक्षिक परिदृश्य को कैसे आकार दिया है और आने वाली पीढ़ियों के लिए अपने निर्णयों और नीतियों से अवगत कराने के लिए हम इससे क्या सबक सीख सकते हैं। उन्होंने प्रो. वरदराजन नारायणन के नेतृत्व में अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय की पुरालेख टीम के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान स्कूल ऑफ एजुकेशन की अधिष्ठाता प्रो. सारिका शर्मा ने सभी अतिथियों व प्रतिभागियों का स्वागत किया। प्रो. शर्मा ने पाठ्यपुस्तक लेखन और पढ़ने के बारे में अपने विचार व अनुभव साझा किए। हकेवि के पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. संतोष सी.एच. ने वक्ताओं का परिचय प्रस्तुत करते हुए पाठ्यपुस्तक लेखन एवं शोध के संदर्भ में दुर्लभ पाठ्य पुस्तकों की प्रासंगिकता के संबंध में अपने विचार व्यक्त किए। प्रो. नंदकिशोर ने पाठ्यपुस्तकों में भारतीय ज्ञान प्रणाली के घटकों को शामिल करने के तरीकों पर अपने विचार रखे। आयोजन में सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. विनोद कुमार सिंह और श्री नरेश कुमार ने कई विद्यार्थियों को स्कूली पुस्तक संग्रह की उपयोगिता और उनके प्रभावी उपयोग के बारे में प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन सूचना वैज्ञानिक डॉ. विनीता मलिक ने किया। कार्यक्रम के दौरान प्रो. प्रमोद कुमार, प्रो. दिनेश चहल, प्रो. गौरव सिंह और विभिन्न विभागों के अन्य संकाय सदस्यों सहित आयोजन में दो सौ से अधिक विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों ने सक्रिय प्रतिभागिता की। कार्यक्रम के अंत में उप पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. राजीव वशिष्ठ ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

प्रिंट स्टूडेंट ऑफ द ईयर विजेता का सम्मान

# हकेंवि के उत्कर्ष दुबे को बीआर चौधरी स्वर्ण पदक पुरस्कार



महेंद्रगढ़ में बृहस्पतिवार को हकेंवि में उत्कर्ष दुबे को पुरस्कार प्रदान करते बीआर चौधरी, कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार और अन्य। -निस

महेंद्रगढ़/नारनौल, 19 अक्तूबर (हप्र/निस)

बीटेक इन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग के विद्यार्थियों के लिए आयोजित प्रिंट स्टूडेंट ऑफ द ईयर-2023 प्रतियोगिता के विजेता उत्कर्ष दूबे को बृहस्पतिवार को महेंद्रगढ़ स्थित हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) में आयोजित एक समारोह में पुरस्कार के रूप में बीआर चौधरी स्वर्ण पदक और 25 हजार रुपए की नकद राशि देकर सम्मानित किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि आज का युग नवाचार का युग है। कार्यक्रम में प्रिंटिंग जगत के विशेषज्ञ बीआर चौधरी का हमारे बीच होना हमारे लिए गर्व की बात है। डब्ल्यू पीसीएफ के अध्यक्ष प्रो. कमल चोपड़ा ने कहा कि प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग आज के समय में बहुत तेजी से उभरता हुआ क्षेत्र है। इस अवसर पर आईपीएएमम के अध्यक्ष राकेश सोढी, कमल चोपड़ा, स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के अधिष्ठाता प्रो. फूल सिंह, प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग विभाग के प्रभारी संदीप बूरा, डॉ. सुमन कुमारी, अश्विनी गुप्ता, प्रो. राजीव कौशिक मौजूद थे।

दैनिक ट्रिब्यून Fri, 20 October 2023
https://epaper.dainiktribune

# हकेवि छात्र उत्कर्ष दुबे बी.आर. चौधरी गोल्ड मेडल से पुरस्कृत

**महेन्द्रगढ़। चेतना ब्यूरो।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में बी.टेक. इन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग के विद्यार्थियों के लिए प्रिंट स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2023 प्रतियोगिता के विजेता उत्कर्ष दुबे को गुरुवार को आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में बी.आर. चौधरी गोल्ड मेडल व पच्चीस हजार रुपए की नकद राशि देकर पुरस्कृत किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति व कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विजेता व सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि आज का युग नवाचार का युग है। कुलपति ने इस आयोजन के लिए प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग विभाग व ऑफसैट प्रिंटर्स एसोसिएशन (ओपीए) की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं के आयोजन से विद्यार्थियों को अपना कौशल दिखाने का अवसर मिलता है।




कुलपति ने कहा कि प्रिंटिंग जगत के विशेषज्ञ श्री बी.आर. चौधरी का हमारे बीच उपस्थित होना हमारे लिए गर्व की बात है। आईपीएएमम के अध्यक्ष श्री राकेश सोढी कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री कमल चोपड़ा ने की।

कार्यक्रम में स्वागत भाषण स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के अधिष्ठाता प्रो. फूल सिंह ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि श्री राकेश सोढ़ी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग के क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं मौजूद है। इस अवसर पर उन्होंने विश्वविद्यालय के प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग विभाग के विद्यार्थियों के लिए ट्रेनिंग व प्लेसमेंट की सहायता प्रदान करने का भी आश्वासन दिया और कहा कि उनका संगठन अनुसंधान एवं विद्यार्थियों के कौशल विकास के लिए सदैव तत्पर रहेगा। डब्ल्यू पीसीएफ के अध्यक्ष प्रो. कमल चोपड़ा ने कहा कि प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग आज के समय में बहुत तेजी से उभरता हुआ क्षेत्र है। कार्यक्रम में मंच का संचालन डॉ. सुमन कुमारी ने किया। कार्यक्रम में सफल आयोजन के लिए श्री अश्वनी गुप्ता ने सभी का धन्यवाद किया। कार्यक्रम में परीक्षा नियंत्रक प्रो. राजीव कौशिक, शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. संजीव कुमार, विभाग के सहायक आचार्य शम्मी मेहरा, अनिल कुंडू व तरूण सिंह भी शामिल हुए।

# हकेंवि छात्र उत्कर्ष दुबे को बी.आर. चौधरी गोल्ड मेडल व ₹25000 से किया पुरस्कृत




**महेंद्रगढ़** | हकेंवि में बी.टेक. इन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग के विद्यार्थियों के लिए प्रिंट स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2023 प्रतियोगिता के विजेता उत्कर्ष दुबे को गुरुवार को आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में बी.आर. चौधरी गोल्ड मेडल व पच्चीस हजार रुपए की नकद राशि देकर पुरस्कृत किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति व कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विजेता व सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि आज का युग नवाचार का युग है। विश्वविद्यालय में दी गई शिक्षा का उपयोग विद्यार्थी नवाचार में करते हैं। आज के समय में उद्योग जगत और शैक्षणिक संस्थानों को मिलकर काम करने की आवश्यकता है,ताकि विद्यार्थी को अपनी कौशल एवं प्रतिभा दिखाने का मंच मिल सके। आईपीएएम के अध्यक्ष राकेश सोढी कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अध्यक्षता कमल चोपड़ा ने की। कार्यक्रम में प्रिंटिंग जगत के विशेषज्ञ बी.आर. चौधरी की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। संचालन डॉ. सुमन कुमारी ने किया। परीक्षा नियंत्रक प्रो. राजीव कौशिक, शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. संजीव कुमार, विभाग के सहायक आचार्य शम्मी मेहरा, अनिल कुंडू व तरुण सिंह ने विजेता व प्रतिभागी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

# हकेंवि में फिजिक्स एसोसिएशन की ओर से कार्यक्रम आयोजित

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविश्वविद्यालय (हकेंवि) महेंद्रगढ़ के भौतिकी और खगोल भौतिकी विभाग की आवृति फिजिक्स एसोसिएशन की ओर से वीरवार को शैक्षणिक सत्र 2023-24 का उद्घाटन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता भौतिकी और खगोल भौतिकी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने की। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने अपने उद्घाटन भाषण फिजिक्स एसोसिएशन के माध्यम से की गई विभिन्न पहलों के लिए तथा विभाग में नेट, गेट परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों की बढ़ती संख्या के लिए भौतिकी एवं खगोल भौतिकी विभाग को बधाई दी। उन्होंने विशेष रूप से एमएससी शोध प्रबंध विद्यार्थियों को टीआईएफआर मुंबई, आ ई आ ई टी , आ र आ र सी ए टी , एसआईएनपी , आईआईएसईआर आदि प्रसिद्ध संस्थानों में अपने शोध कार्य करने के लिए भी बधाई दी। संवाद

# योग के प्रायोगिक सत्रों का आयोजन



हकेंवि में योग के प्रायोगिक सत्र में योगाभ्यास करते प्रतिभागी● सौ. हकेंवि

**संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़**: हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ के योग विभाग द्वारा योग प्रायोगिक कक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित किए जा रहे इस योग अभ्यास कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जिज्ञासु, साधक और विद्यार्थी हिस्सा ले रहे हैं।

विश्वविद्यालय के योग विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. नीलम सांगवान ने बताया कि विश्वविद्यालय परिसर में योग प्रायोगिक कक्षाओं का आयोजन योग विभाग के द्वारा किया जा रहा है। इनमें विद्यार्थियों के साथ-साथ कोई भी हितधारक प्रतिभागिता कर योग के अभ्यासों को कर और सीख सकता है।

योग विभाग के शिक्षक प्रभारी डा. अजय पाल व सहायक आचार्य डा. नवीन कुमार ने बताया कि योग विभाग, विश्वविद्यालय के दूसरे विभागों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए योग की कक्षाएं विभिन्न माध्यमों से आयोजित करता रहता है। जिससे विद्यार्थियों की एकाग्रता बढ़ाने में, स्वास्थ्य को बनाए रखने में और तनाव को कम करने में सहायता मिल सके। अनुसंधानों के आधार पर यह पता चला है कि मनुष्य की क्षमता का पूरा उपयोग करने में योग बहुत ही सहायक सिद्ध होता है।

# हकेंवि में योग अभ्यास कार्यक्रम में हिस्सा ले रहे हैं साधक व विद्यार्थी



भास्कर न्यूज़ | महेन्द्रगढ़

हकेंवि, महेंद्रगढ़ के योग विभाग द्वारा योग प्रायोगिक कक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय के हितधारकों के लिए आयोजित किए जा रहे इस योग अभ्यास कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जिज्ञासु, साधक और विद्यार्थी हिस्सा ले रहे हैं।

विश्वविद्यालय के योग विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. नीलम सांगवान ने बताया कि विश्वविद्यालय परिसर में योग प्रायोगिक कक्षाओं का आयोजन योग विभाग के द्वारा किया जा रहा है। इनमें विद्यार्थियों के साथ-साथ कोई भी हितधारक प्रतिभागिता कर योग के अभ्यासों को कर और सीख सकता है। ये कक्षाएं एमएससी योग विभाग के द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों शुभम शर्मा, विद्या देवी, करिश्मा कुमारी और शोधार्थी पंकज कुमार के द्वारा पुरुष छात्रावास के पास और वाई-फाई पार्क में प्रातः 6 से 7 बजे तक आयोजित की जाती हैं। योग विभाग के शिक्षक प्रभारी डॉ. अजय पाल व सहायक आचार्य डॉ. नवीन कुमार ने बताया कि योग विभाग, विश्वविद्यालय के दूसरे विभागों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए योग की कक्षाएं विभिन्न माध्यमों से आयोजित करता रहता है।

# हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में प्रवेश के लिए स्पेशल ड्राइव कल

*डिप्लोमा, स्नातक, इंटीग्रेटेड व स्नातकोत्तर कार्यक्रमों के लिए होगी ओपन काउंसलिंग*

महेंद्रगढ़, 15 अक्तूबर (परमजीत, मोहन)र् हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में शैक्षणिक सत्र 2023-24 हेतु प्रवेश के लिए स्पेशल ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। वश्विविद्यिालय में उपलब्ध डप्लिोमा, स्नातक, स्नातकोत्तर व इंटीग्रेटेड कार्यक्रमों में रक्ति सीटों के लिए ऑफलाइन मोड/फिजिकल मोड में ओपन काउंसलिंग का आयोजन मंगलवार 17 अक्तूबर को किया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि स्पेशल ड्राइव के माध्यम से विश्वविद्यालय में विभन्नि पाठ्यक्रमों में रक्ति सीटों पर अध्ययन के लिए अभ्यर्थियों को एक अवसर ओर उपलब्ध करवाया जा रहा है।

विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने बताया कि वश्विवद्यिालय में डप्लिोमा, स्नातक, स्नातकोत्तर व इंटीग्रेटेड कार्यक्रमों में प्रवेश हेतु ऑफलाइन मोड/फिजिकल मोड में काउंसलिंग का 17 अक्तूबर को आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी को शेड्यूल के अनुसार प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक विश्वविद्यालय के संबंधित विभाग में रिपोर्ट करना अनिवार्य है। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में दाखिले के लिए पंजीकरण करने वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। ओपन काउंसलिंग का शेड्यूल, पात्रता मानदंड व अन्य वस्तृित जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। विद्यार्थियों को अपने मूल दस्तावेज व एक सेट प्रतिलिपि के साथ ओपन काउंसलिंग के लिए आना है।

# हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में प्रवेश के लिए स्पेशल ड्राइव 17 को

**संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़:** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए प्रवेश के लिए स्पेशल ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। विश्वविद्यालय में उपलब्ध डिप्लोमा, स्नातक, स्नातकोत्तर व इंटीग्रेटेड कार्यक्रमों में रिक्त सीटों के लिए आफलाइन मोड/फिजिकल मोड में ओपन काउंसलिंग का आयोजन 17 अक्टूबर को किया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि स्पेशल ड्राइव के माध्यम से विश्वविद्यालय में विभिन्न पाठ्यक्रमों में रिक्त सीटों पर अध्ययन के लिए अभ्यर्थियों को एक अवसर ओर उपलब्ध करवाया जा रहा है।



प्रो. टंकेश्वर कुमार

विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय में डिप्लोमा, स्नातक, स्नातकोत्तर व इंटीग्रेटेड कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए आफलाइन मोड/फिजिकल मोड में काउंसलिंग का 17 अक्टूबर को आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी को शेड्यूल के अनुसार प्रातः 10 बजे से दोपहर एक बजे तक विश्वविद्यालय के संबंधित विभाग में रिपोर्ट करना अनिवार्य है। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में दाखिले के लिए पंजीकरण करने वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। ओपन काउंसलिंग का शेड्यूल, पात्रता मानदंड व अन्य विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

# हकेंवि में प्रवेश के लिए स्पेशल ड्राइव कल

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) महेंद्रगढ़ में शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए प्रवेश के लिए स्पेशल ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है।

विश्वविद्यालय में उपलब्ध डिप्लोमा, स्नातक, स्नातकोत्तर व इंटीग्रेटेड कार्यक्रमों में रिक्त सीट के लिए ऑफलाइन मोड, फिजिकल मोड में ओपन काउंसिलिंग का आयोजन मंगलवार 17 अक्तूबर को किया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि स्पेशल ड्राइव के माध्यम से विश्वविद्यालय में विभिन्न पाठ्यक्रमों में रिक्त सीटों पर अध्ययन के लिए अभ्यर्थियों को एक अवसर ओर उपलब्ध करवाया जा रहा है।

विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय में डिप्लोमा, स्नातक, स्नातकोत्तर व इंटीग्रेटेड कोर्स में प्रवेश के लिए ऑफलाइन मोड, फिजिकल मोड में काउंसिलिंग 17 अक्तूबर को की जा रही है। अभ्यर्थी को शेड्यूल के अनुसार सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक विश्वविद्यालय के संबंधित विभाग में रिपोर्ट करना अनिवार्य है। पंजीकरण करने वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। संवाद

# हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में फिजिकल काउंसलिंग आज

## • 4 वर्षीय आई.टी.ई.पी. कार्यक्रम के लिए होगी काउंसलिंग

महेंद्रगढ़, 10 अक्टूबर (परमजीत, मोहन): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेन्द्रगढ़ में शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए एकीकृत अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम (आईटीईपी) कार्यक्रम में रिक्त सीटों के लिए फिजिकल काउंसलिंग का आयोजन आज 11 अक्टूबर को किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने आवेदकों का दाखिले के लिए स्वागत करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और फिजिकल काउंसलिंग के माध्यम से अधिक अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय में अध्ययन का अवसर मिल सकेगा।

शिक्षा पीठ की अधिष्ठाता प्रो. सारिका शर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालय में एकीकृत अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम (आईटीईपी) कार्यक्रम में रिक्त सीटों में दाखिले के लिए फिजिकल काउंसलिंग का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार 11 अक्टूबर को फिजिकल काउंसलिंग का आयोजन किया जा रहा है। फिजिकल काउंसलिंग के लिए विद्यार्थियों को दिए गए शैडयूल के अनुसार प्रात: 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक विश्वविद्यालय के शैक्षणिक खंड 4 स्थित शिक्षक शिक्षा विभाग में रिपोर्ट करना अनिवार्य है।

कार्यक्रम के समन्वयक प्रो. नंद किशोर ने बताया कि इस फिजिकल में केवल वे विद्यार्थी हिस्सा ले सकेंगे, जिन्होंने उक्त कार्यक्रम के लिए एन.टी.ए. द्वारा आयोजित एन.सी.ई.टी. परीक्षा दी हो तथा हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के साथ पंजीकृत हुए हों।

पंजीकृत विद्यार्थियों की सूची व अन्य विवरण विश्वविद्यालय की वैबसाइट पर उपलब्ध है। विद्यार्थियों को अपने मूल दस्तोवेजों व एक सेट प्रतिलिपि के साथ फिजिकल काउंसलिंग के लिए आना है।

# हकेंवि में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम आयोजित

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में मेरी माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत अमृतकलश यात्रा का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि हरियाणा की भूमि वीरों की भूमि है। हमें अपने आप को गौरान्वित महसूस करना चाहिए कि जवानों और किसानों की भूमि हमारी कर्मभूमि है। उन्होंने कहा कि मेरी माटी मेरा देश अभियान से वीर जवानों के गांवों की मिट्टी को नमन करने का सौभाग्य प्राप्त होगा।

# हकेंवि में फिजिकल काउंसलिंग आज

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए एकीकृत अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम (आईटीईपी) में रिक्त सीटों के लिए 11 अक्टूबर फिजिकल काउंसलिंग के माध्यम से दाखिला किए जाएंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने आवेदकों का दाखिले के लिए स्वागत किया। फिजिकल काउंसलिंग के माध्यम से अधिक अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय में अध्ययन का अवसर मिल सकेगा। प्रो. सारिका शर्मा ने बताया कि आईटीईपी कार्यक्रम में रिक्त सीटों में दाखिले के लिए फिजिकल काउंसलिंग 11 अक्टूबर को सुबह 9 बजे से दोपहर

# हरियाणा वीरों की है भूमिः कुलपति टंकेश्वर



हकेंवि महेंद्रगढ़ में आयोजित कलश यात्रा में उपस्थित विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य ● सौ. प्रवक्ता

**संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़ः** हकेंवि महेंद्रगढ़ में 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के अंतर्गत अमृत कलश यात्रा का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि हरियाणा की भूमि वीरों की भूमि है। हमें अपने आप को गौरान्वित महसूस करना चाहिए कि जवानों और किसानों की भूमि हमारी कर्मभूमि है। मेरी माटी मेरा देश अभियान से वीर जवानों के गांवों की मिट्टी को नमन करने का सौभाग्य प्राप्त होगा। कुलपति ने इस अभियान में सम्मिलित होने पर विद्यार्थियों की भी सराहना की। विवि की समकुलपति प्रो.सुषमा यादव भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत में विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के समन्वयक डा. प्रदीप कुमार ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव हमारे देश के लिए गौरव का पल है। इस अभियान का उद्देश्य उन बहादुर स्वतंत्रता सेनानियों और वीरों का सम्मान करना है, जिन्होंने देश के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया। एनएसएस प्रोग्राम आफिसर डा. नीलम ने बताया कि एनएसएस के सभी स्वयंसेवकों ने अपने क्षेत्र से मिट्टी व चावल को लाकर कलश में डाला और अमृत कलश विश्वविद्यालय कुलपति को सौंपा।

# हकेंवि में फिजिकल काउंसलिंग आज

**संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़ः** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) महेंद्रगढ़ में शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए एकीकृत अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम (आइटीईपी) कार्यक्रम में रिक्त सीटों के लिए फिजिकल काउंसलिंग का आयोजन 11 अक्टूबर को किया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने आवेदकों का दाखिले के लिए स्वागत करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और फिजिकल काउंसलिंग के माध्यम से अधिक अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय में अध्ययन का अवसर मिल सकेगा।



प्रो. टंकेश्वर कुमार

**शेड्यूल अनुसार सुबह बजे से आरंभ होगी प्रक्रियाः** शिक्षा पीठ की अधिष्ठाता प्रो. सारिका शर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालय में एकीकृत अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम (आईटीईपी) कार्यक्रम में रिक्त सीटों पर दाखिले के लिए फिजिकल काउंसलिंग का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बुधवार 11 अक्टूबर को फिजिकल काउंसलिंग का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि फिजिकल काउंसलिंग के लिए विद्यार्थियों को दिए गए शेड्यूल के अनुसार सुबह नौ बजे से दोपहर एक बजे तक विश्वविद्यालय के शैक्षणिक खंड चार स्थित शिक्षक शिक्षा विभाग में रिपोर्ट करना अनिवार्य है। कार्यक्रम के समन्वयक प्रो. नंदकिशोर ने बताया कि इस फिजिकल काउंसलिंग में केवल वह विद्यार्थी हिस्सा ले सकेंगे, जिन्होंने उक्त कार्यक्रम के लिए एनटीए द्वारा आयोजित एनसीटीई परीक्षा दी हो तथा हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के साथ पंजीकृत हुए हों। पंजीकृत विद्यार्थियों की सूची व अन्य विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

**डॉ. असीमा चटर्जी की 106वीं जयंती**

# आज महिलाएं हर क्षेत्र में दे रही हैं अहम योगदानः प्रो. टंकेश्वर कुमार



*सांस्कृतिक कार्यक्रम के बाद छात्राएं कुलपति, समकुलपति व शिक्षकों के साथ।*

## ● हकेंवि के असीमा चटर्जी महिला छात्रावास में सांस्कृतिक उत्सव आयोजित

महेंद्रगढ़, 8 अक्तूबर (परमजीत, मोहन): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ के असीमा चटर्जी महिला छात्रावास में डॉ. असीमा चटर्जी की 106वीं जयंती के अवसर पर विज्ञान के क्षेत्र में उनके असाधारण योगदान को याद करते हुए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य कर रहीं महिला वैज्ञानिकों के योगदान का जिक्र करते हुए कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपना योगदान दे रही हैं।

उन्होंने विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से बताया कि महिलाएं किस प्रकार से व्यापार, राजनीति, खेल, मनोरंजन आदि के क्षेत्र में अपना योगदान दे रहीं हैं। कुलपति ने इसे विविधता और रचनात्मकता को प्रदर्शित करने वाला एक अविस्मरणीय कार्यक्रम बताया।

विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव ने ज्ञानवर्धक शब्दों से सभी का मार्गदर्शन किया। उन्होंने विभिन्न कार्यक्रमों में प्रतिभागिता करने वाली छात्राओं की सराहना की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की प्रथम महिला प्रो. सुनीता श्रीवास्तव भी उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव, शोध अधिष्ठाता प्रो. नीलम सांगवान और सूचना वैज्ञानिक डॉ. विनीता मलिक ने निर्णायक मंडल के सदस्यों के रूप में उपस्थित रहीं।

### रैंप वॉक में लुभांशी राजे सिसोदिया प्रथम

**कार्यक्रम** की शुरूआत गणेश वंदना के साथ हुई। इसके बाद छात्रावास की वार्डन डॉ. मोना शर्मा ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया।

आयोजन में पेंटिंग, प्रोफैशनल रैंप वॉक, नृत्य, छात्रावास में सर्वश्रेष्ठ कमरा आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। एक ओर जहां सर्वश्रेष्ठ कमरा प्रतियोगिता में कमरा नंबर 5 प्रथम, 103 द्वितीय तथा 140 तृतीय, रैंप वॉक में लुभांशी राजे सिसोदिया प्रथम, अनीता द्वितीय तथा नेहा लोहान तृतीय, डॉ. असीमा चटर्जी आर्ट थीम में टीना देवी प्रथम, अलका कुमारी द्वितीय तथा शीतल तृतीय स्थान पर रही।

वहीं युगल नृत्य में नेहा यादव और लुभांशी तथा एकल डांस में काजल ने जीत हासिल की।


कार्यक्रम में डॉ. रवि कुमार, डॉ. सविता, डॉ. मनीष कुमार, डॉ. स्वाति, डॉ. सुमन रानी, डॉ. विकास सिवाच और डॉ. अंकुश विज की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मंच का संचालन शेफाली मोहन ने किया।

डॉ. मोना शर्मा के साथ नेहा, दीपाली, सर्वेश, चाहत और साक्षी ने आयोजन का समन्वयन किया। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए।

# 'हर क्षेत्र में योगदान दे रही हैं महिलाएं'

- हकेंवि के असीमा चटर्जी महिला छात्रावास में सांस्कृतिक उत्सव आयोजित किया गया
- कुलपति बोले विविधता और रचनात्मकता प्रदर्शित करने वाला अविस्मरणीय कार्यक्रम

**संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़:** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) महेंद्रगढ़ की असीमा चटर्जी महिला छात्रावास में डा. असीमा चटर्जी की 106वीं जयंती पर विज्ञान के क्षेत्र में उनके असाधारण योगदान को याद करते हुए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य कर रहीं महिला वैज्ञानिकों के योगदान को जिक्र करते हुए कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपना योगदान दे रहीं है। उन्होंने विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से बताया कि महिलाएं किस प्रकार से व्यापार, राजनीति, खेल, मनोरंजन आदि के क्षेत्र में अपना योगदान दे रहीं हैं। कुलपति ने इसे विविधता और रचनात्मकता को प्रदर्शित करने वाला एक अविस्मरणीय कार्यक्रम बताया।



प्रो. टंकेश्वर कुमार

विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव ने ज्ञानवर्धक शब्दों से सभी का मार्गदर्शन किया। उन्होंने विभिन्न कार्यक्रमों में प्रतिभागिता करने वाली छात्राओं की सराहना की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की प्रथम महिला प्रो. सुनीता श्रीवास्तव भी उपस्थित रहीं।



केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी व स्टाफ • सौ. प्रवक्ता

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव, शोध अधिष्ठाता प्रो. नीलम सांगवान और सूचना वैज्ञानिक डा. विनीता मलिक ने निर्णायक मंडल के सदस्यों के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना प्रस्तुति के साथ हुई। इसके बाद छात्रावास की वार्डन डा. मोना शर्मा ने स्वागत भाषण दिया। आयोजन में पेंटिंग, प्रोफेशनल रैंपवाक, नृत्य, छात्रावास में सर्वश्रेष्ठ कमरा आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। एक ओर जहां सर्वश्रेष्ठ कमरा प्रतियोगिता में कमरा नंबर पांच प्रथम, 103 द्वितीय तथा 140 तृतीय, रैंपवाक में लुभांशी राजे सिसोदिया प्रथम, अनीता द्वितीय तथा नेहा लोहान तृतीय, डा. असीमा चटर्जी आर्ट थीम में टीना देवी प्रथम, अलका कुमारी द्वितीय तथा शीतल तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं युगल नृत्य में नेहा यादव और लुभांशी तथा एकल डांस में काजल ने जीत हासिल की। कार्यक्रम में डा. रवि कुमार, डा. सविता, डा. मनीष कुमार, डा. स्वाति, डा. सुमन रानी, डा. विकास सिवाच और डा. अंकुश विज की उपस्थिति रही।

डा. मोना शर्मा के साथ नेहा, दीपाली, सर्वेश, चाहत और साक्षी ने आयोजन का समन्वयन किया। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए।



हरियाणा केंद्रीय विश्विद्यालय में डॉ. असीमा चटर्जी की 106वीं जयंती पर उपस्थित विद्यार्थी।

# विविधता और रचनात्मकता प्रदर्शित करने वाला अविस्मरणीय कार्यक्रम : प्रो. टंकेश्वर

## हकेंवि के असीमा चटर्जी छात्रावास में सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन

भास्कर न्यूज | महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ के असीमा चटर्जी महिला छात्रावास में डॉ. असीमा चटर्जी की 106वीं जयंती के अवसर पर विज्ञान के क्षेत्र में उनके असाधारण योगदान को याद करते हुए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।

विवि के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य कर रहीं महिला वैज्ञानिकों के योगदान का जिक्र करते हुए कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपना योगदान दे रहीं हैं। उन्होंने विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से बताया कि महिलाएं किस प्रकार से व्यापार, राजनीति, खेल, मनोरंजन आदि के क्षेत्र में अपना योगदान दे रहीं हैं। कुलपति ने इसे विविधता और रचनात्मकता को प्रदर्शित करने वाला एक अविस्मरणीय कार्यक्रम बताया।

विवि की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव ने ज्ञानवर्धक शब्दों से सभी का मार्गदर्शन किया। उन्होंने विभिन्न कार्यक्रमों में प्रतिभागिता करने वाली छात्राओं की सराहना की। विवि की प्रथम महिला प्रो. सुनीता श्रीवास्तव भी कार्यक्रम में उपस्थित रहीं। वार्डन डॉ. मोना शर्मा ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया।

# हकेंवि में स्वच्छता पखवाड़ा आयोजित

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत विभाग के सभी विद्यार्थियों ने विभाग के सभी कक्षाओं व प्रयोगशालाओं की सफाई की। विभाग के सभी विद्यार्थियों ने एक स्वयंसेवक के रूप में लगभग दो घंटे तक विभाग के टेलिविजन स्टूडियो, सभी कक्षा रूम, लैब व शैक्षणिक खंड चार में स्वच्छता अभियान चलाया। पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अशोक कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार की प्रेरणा से पूरे विश्वविद्यालय में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है।

# पत्रकारिता व जनसंचार विभाग में स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन



स्वच्छता अभियान में प्रतिभागिता करते विद्यार्थी। स्रोत : विवि

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत विभाग के सभी विद्यार्थियों ने विभाग के सभी कक्षाओं व प्रयोगशालाओं की सफाई की।

विभाग के सभी विद्यार्थियों ने एक स्वयंसेवक के रूप में लगभग दो घंटे तक विभाग के टेलिविजन स्टूडियो, सभी कक्षा रूम, लैब व शैक्षणिक खंड चार में स्वच्छता अभियान चलाया। विभागाध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार ने कहा कि कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार की प्रेरणा से पूरे विश्वविद्यालय में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। विभाग के शिक्षक डॉ. सुरेंद्र व डॉ. नीरज कर्ण सिंह की अगुवाई में आयोजित इस कार्यक्रम में शिक्षक आलेख नायक, डॉ. भारती बत्रा, सभी शोधार्थी एवं विद्यार्थी मौजूद रहे। संवाद



महेंद्रगढ़। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. रोहित कुमार को स्मृति चिह्न भेंट करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार। फोटो : हरिभूमि

# हकेंवि में विश्व हृदय दिवस पर कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में विश्व हृदय दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यलाय की सतत अध्ययन पीठ, फार्मास्युटिकल साइंसेज विभाग और स्वास्थ्य केंद्र के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में डॉ. रोहित कुमार वर्मा विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने जागरूकता कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कुलपति ने स्वास्थ्य में हृदय के महत्व से प्रतिभागियों को अवगत कराया। विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव ने कहा कि विद्यार्थियों में कौशल विकास करने और राष्ट्रीय शिक्षा नीति एनईपी 2020 के दृष्टिकोण को की भी प्रशंसा की। कार्यक्रम में विशेषज्ञ वक्ता डॉ. रोहित कुमार वर्मा ने रोगियों तक चिकित्सा स्वास्थ्य पहुंचने से पहले हृदय रोग की जटिलताओं के प्रबंधन के लिए प्राथमिक चिकित्सा के तरीकों को सीखने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। इससे पूर्व स्कूल ऑफ इंटरडिसिप्लिनरी एंड एप्लाइड साइंसेस पीठ की अधिष्ठता एवं शोध अधिष्ठाता प्रो. नीलम सांगवान ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया और कार्यक्रम की रूपरेखा से प्रतिभागियों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि आमजन में रोग जागरूकता फैलाने के लिए इस तरह की गतिविधियां भविष्य में भी आयोजित की जाएगी। संयोजक प्रो. पवन कुमार मौर्य ने स्किल इंडिया के बैनर अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम की जानकारी साझा की। डॉ. तरूण कुमार, डॉ. मनीषा पांडे और डॉ.

■ स्वास्थ रहने के लिए हार्ट के महत्व से करवाया अवगत

# विश्व हृदय दिवस के अवसर पर हकेंवि में कार्यक्रम आयोजित



जागरूकता प्रदर्शनी का अवलोकन करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ● सौ. प्रवक्ता

**संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़ :** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में विश्व हृदय दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय की सतत अध्ययन पीठ, फार्मास्युटिकल साइंसेज विभाग और स्वास्थ्य केंद्र के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में डा. रोहित कुमार वर्मा विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहे।

विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने जागरूकता कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर कुलपति ने स्वास्थ्य में हृदय के महत्त्व से प्रतिभागियों को अवगत कराया। उन्होंने इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए आयोजकों की सराहना की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव ने कहा कि विद्यार्थियों में कौशल विकास करने और राष्ट्रीय शिक्षा नीति एनईपी 2020 के दृष्टिकोण को पूरा करने के लिए विद्यार्थियों की भागीदारी वाली स्वास्थ्य जागरूकता सामुदायिक सेवा आवश्यक है। उन्होंने चिकित्सा उपकरणों में विद्यार्थियों के प्रदर्शन की भी प्रशंसा की।

कार्यक्रम में विशेषज्ञ वक्ता डा. रोहित कुमार वर्मा ने रोगियों तक चिकित्सा स्वास्थ्य पहुंचने से पहले हृदय रोग की जटिलताओं के प्रबंधन के लिए प्राथमिक चिकित्सा के तरीकों को सीखने की आवश्यकता पर विस्तृत प्रकाश डाला। कार्यक्रम में प्रो. अंतरेश, डा.मारुति, डा. नीलम, डा. विकास, डा. सुमन, डा. ममता एवं डा. सौरभ सहित विभिन्न विभागों के शिक्षक, विद्यार्थी एवं शोधार्थी उपस्थित रहे।

# विश्व हृदय दिवस पर बताए दिल की देखभाल के तरीके

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) महेंद्रगढ़ में विश्व हृदय दिवस पर स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। विश्वविद्यालय की सतत अध्ययन पीठ, फार्मास्युटिकल साइंसेज विभाग और स्वास्थ्य केंद्र के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में डॉ. रोहित कुमार वर्मा विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहे।

विशेषज्ञों ने कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों व विभागों के अधिकारियों को दिल की देखभाल के तरीके बताए। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने जागरूकता कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कुलपति ने स्वास्थ्य में हृदय के महत्त्व से प्रतिभागियों को अवगत कराया। विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव ने कहा कि विद्यार्थियों में कौशल विकास करने और राष्ट्रीय शिक्षा नीति एनईपी 2020 के दृष्टिकोण को पूरा करने के लिए विद्यार्थियों की भागीदारी वाली स्वास्थ्य जागरूकता सामुदायिक सेवा आवश्यक है।

कार्यक्रम में विशेषज्ञ वक्ता डॉ. रोहित कुमार वर्मा ने रोगियों तक चिकित्सा स्वास्थ्य पहुंचने से पहले हृदय रोग की जटिलताओं के प्रबंधन के लिए प्राथमिक चिकित्सा के तरीकों को सीखने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। इससे पूर्व स्कूल ऑफ इंटरडिसिप्लिनरी एंड एप्लाइड साइंसेस पीठ की अधिष्ठता एवं शोध अधिष्ठाता प्रो. नीलम सांगवान ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। सतत अध्ययन पीठ के अधिष्ठाता व कार्यक्रम के संयोजक प्रो. पवन कुमार मौर्य ने स्किल इंडिया के बैनर अंतर्गत हुए कार्यक्रम की जानकारी साझा की। संवाद

# हकेंवि में कुलपति की अगुवाई में चलाया स्वच्छता अभियान

महेंद्रगढ़ 1 अक्तूबर (परमजीत/ मोहन): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में रविवार को स्वच्छता ही सेवा, विशेष अभियान 3.0 के अवसर पर स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया।

विश्वविद्यालय में 'एक तारीख एक घंटा' श्रमदान एवं जनभागीदारी से स्वच्छता अभियान विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार की अगुवाई में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि जिस दिन स्वच्छता हमारे जीवन के दैनिक व्यवहार में शामिल हो जाएगी उस दिन स्वच्छता ही सेवा का सपना पूरा हो जाएगा।

विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव ने प्राचीन काल की अच्छी स्वच्छता प्रथाओं पर प्रकाश डालते हुए प्रतिभागियों को सफाई के महत्व से अवगत कराया।

विश्वविद्यालय स्कूल ऑफ इंटरडिसिप्लिनरी एंड एप्लाइड साइंसेस की अधिष्ठाता एवं शोध अष्ठिाता प्रो. नीलम सांगवान ने विश्वविद्यालय द्वारा की गई पहल




*स्वच्छता अभियान की शुरूआत करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व समकुलपति प्रो. सुषमा यादव।*

की सराहना की।

विश्वविद्यालय में स्वच्छता ही सेवा अभियान का नोडल अधिकारी एवं औषधि विज्ञान विभाग के सहायक आचार्य डॉ. तरुण कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय परिसर में वी.वी.आई.पी. अतिथि गृह के समीप स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया।

विश्वविद्यालय के छात्रावासों, विभागों तथा कार्यालयों में भी श्रमदान किया गया। इसमें विश्वविद्यालय कुलपति, समकुलपति, शिक्षकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों, विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं सफाईकर्मियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभागिता की व स्वच्छता का संकल्प लिया।

इसी क्रम में विश्वविद्यालय के गुरुग्राम स्थित ट्रांजिट कार्यालय में विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने कर्मचारियों के साथ स्वच्छता अभियान में योगदान दिया।

आयोजन में डॉ. मनीषा पांडे, डॉ. नीलम यादव, डॉ. कांति प्रकाश शर्मा, प्रो. सुरेंद्र सिंह, डॉ. पवन कुमार, डॉ. प्रदीप कुमार, जितेंद्र मोर, अमरजीत, मुकेश यादव, एवं डॉ. जयपाल ने सक्रिय भागीदारी की।

पंजाब केसरी
FRI,13 OCTOBER 2023
EDITION: REWARI KESARI, PAGE NO. 3

# हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय देगा देशभर के शिक्षकों को प्रशिक्षण

## यू.जी.सी. ने उपलब्ध कराया मालवीय मिशन टीचर्स ट्रेनिंग सैंटर

महेंद्रगढ़, 12 अक्तूबर (परमजीत/मोहन): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (ह.के.वि.), महेंद्रगढ़ ने अपनी उपलब्धियों में बढ़ौतरी करते हुए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यू.जी.सी.) से मालवीय मिशन टीचर्स ट्रेनिंग सैंटर को प्राप्त किया है।

इसके माध्यम के द्वारा देश भर के महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

इससे वे राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के दिशा-निर्देशों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षण-प्रशिक्षण हेतु स्वयं को तैयार कर सकें।

केंद्र से प्रशिक्षित शिक्षक अपने दस्तावेजों को करियर प्रोन्नति योजना (सी.ए.एस.) के लिए भी प्रस्तुत करने हेतु योग्य होंगे। इसके लिए पूरे साल विभिन्न स्तर के प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे।

इसमें लघु अवधि की कार्यशालाओं से लेकर फैकल्टी डिवैल्पमैंट प्रोग्राम, इंडक्शन प्रोग्राम और पुनश्चर्या कार्यक्रमों का संचालन किया जाएगा।

विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह केंद्र आसपास के महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों के शिक्षकों के लिए लाभकारी होने के साथ ही देश भर के शिक्षकों को भी प्रशिक्षित करने में सहायक सिद्ध होगा।

नए केंद्र के द्वारा विश्वविद्यालय की कार्यक्षमता और प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। मालवीय मिशन टीचर्स सैंटर के समन्वयक प्रो. प्रमोद कुमार बताया कि केंद्र द्वारा 'होलिस्टिक एंड मल्टीडिस्प्लीनरी एजूकेशन' विषयक प्रशिक्षण कार्यक्रम 19 से 28 अक्तूबर तक ऑनलाइन माध्यम से संचालित किया जाएगा।

इच्छुक अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन मांगे जा चुके हैं। इस कार्यक्रम में आवेदन http://mmc.ugc.ac.in/login.index के माध्यम से किया जा सकता है।